आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 63 ● कटनी ● बुधवार, 6 अप्रैल, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● चैत्र मास शुक्ल पक्ष-5 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## संक्षेप न्यूज



### चीन में कोरोना का कोहराम

#### अब तक नहीं मिले थे इतने पॉजिटिव केस; शंघाई में लॉकडाउन

**शंघाई।** चीन में बुधवार को 20,000 से अधिक कोरोना के नए मामले सामने आए हैं। महामारी की शुरुआत के बाद से एक दिन में रिपोर्ट की जाने वाले दैनिक मामलों की यह सर्वाधिक संख्या है। शंघाई में लॉकडाउन के बावजूद मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इससे चिंता बढ़ गई है। आपको बता दें कि मार्च तक चीन ने लॉकडाउन, ग्रुप टेस्टिंग और अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर सख्त प्रतिबंधों के साथ दैनिक मामलों को कंट्रोल कर रखा था। लेकिन हाल के हफ्तों में इसमें बेतहाशा वृद्धि देखने को मिली है। चीन में बुधवार को संक्रमण के 20,472 केस दर्ज किए गए।

#### पहली बार खुलकर बोला अमेरिका

### रूस से रक्षा खरीद में कटौती करे भारत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने मंगलवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत आगे चलकर रूसी सैन्य उपकरणों पर अपनी निर्भरता को कम करेगा। ऑस्टिन ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों से कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए उनके (भारत) के साथ काम कर रहे हैं कि यह उनके लिए (हमारा मानना है कि) रूसी उपकरणों में निवेश जारी रखना उनके हित में नहीं है। वार्षिक रक्षा बजट पर कांग्रेस की सुनवाई के दौरान उन्होंने ये बयान दिया। ऑस्टिन ने कहा, और आगे हमारी मांग यह है कि वे (भारत) उन इक्विपमेंट्स के प्रकारों को कम करें जिनमें वे निवेश कर रहे हैं और बल्कि उन इक्विपमेंट्स को खरीदें जो अधिक अनुकूल हों।यह टिप्पणी तब आई जब रक्षा सचिव कांग्रेसी जो विल्सन के एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिन्होंने रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच रूस पर भारत की स्थिति की आलोचना की थी।

### एटीएस के हाथ लगे चौंकाने वाले सबूत

#### मुर्तजा ने आईएसआईएस के खाते में भेजे थे रुपये

**गोरखपुर ।** गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में लगे सिपाहियों पर हमले के आरोपी मुर्तजा अहमद अब्बासी ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस के बैंक खाते में लाखों रुपये भेजे हैं। इसकी जानकारी यूपी एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) को मिल गई है। एटीएस मुर्तजा को ढूंढते हुए सिविल लाइंस स्थित आवास पर भी गई थी, लेकिन वह नहीं मिला। मुर्तजा को यह पता चल गया था कि एटीएस ने गिरफ्तारी का जाल बिछा दिया है। लिहाजा, घर से लापता हो गया, फिर आनन-फानन घटना को अंजाम देने पहुंच गया। एटीएस की अब तक की जांच से पता चला है कि मुर्तजा के जिन बैंक खातों से रुपये भेजे गए हैं, इसकी जानकारी मिल चुकी है। चार बैंक खातों का ब्योरा भी मिल चुका है।

# परिवारवादी पार्टियां लोकतंत्र की सबसे बड़ी दुश्मन

## तीन दशकों में पहली बार राज्यसभा में 100 के पार पहुंची कोई पार्टी :पीएम नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के 42वें स्थापना दिवस पर पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज नवरात्रि का 5वां दिन है और इस दिन मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है। उनका आसन कमल है और दोनों हाथों में भी वह कमल ही रखती हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि मां का आशीर्वाद देश के हर नागरिक और भाजपा के कार्यकर्ता को मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा के लोगों ने देश के लिए खुद को खपाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब लोगों ने मान लिया था कि सरकार कोई भी आए, देश का कुछ नहीं होगा। लेकिन आज बदलाव है और लोग मानते हैं कि देश बदल रहा है और तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारत दुनिया में अपने हितों के लिए अडिग होकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि ऐसे वक्त में जब दुनिया दो गुटों में बंटी है, तब भारत को ऐसे देश के तौर पर देखा जा रहा है जो तटस्थ होकर बात कर सकता है। आज देश के पास नीतियां भी हैं और नीयत भी है। देश के पास आज निर्णय शक्ति भी है और निश्चिय शक्ति भी है। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि आज हम लक्ष्य तय कर रहे हैं और उन्हें पूरा भी कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे लिए यह स्थापना दिवस तीन वजहों से बेहद अहम है। पहला यह कि इस साल देश अपनी आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। दूसरा यह कि तेजी से बदलती दुनिया में भारत ने अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कराई और तीसरा यह कि भाजपा की सरकारें 4 राज्यों में वापस लौटी हैं और तीन दशकों के बाद किसी दल को राज्यसभा में 100 से ज्यादा सीटें मिल पाई हैं। उन्होने कहा कि भाजपा परिवारवाद के खिलाफ है।




पहली बार भाजपा ने ही इसके खिलाफ बोलना शुरू किया और इसे चुनावी मुद्दा बनाया। अब देश के युवा यह समझने लगे हैं कि परिवारवादी पार्टियां कैसे लोकतंत्र की सबसे बड़ी दुश्मन हैं। पीएम मोदी ने कहा कि परिवारवादी पार्टियों ने देश के युवाओं को भी कभी आगे नहीं बढ़ने दिया, उनके साथ हमेशा विश्वासघात किया है। और आज हमें गर्व होना चाहिए कि आज भाजपा ही इकलौती पार्टी है जो इस चुनौती से देश को सजग कर रही है, सतर्क कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ करने वाले ये दल संविधान और उसकी व्यवस्थाओं को कुछ नहीं समझते हैं। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में ज्योतिबा फुले और बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती है। उनके स्मरण में हम अगले 15 दिन सामाजिक न्याय पखवाड़ा मनाने जा रहे हैं, इसके दौरान पार्टी मुझे भी जो आदेश देगी, वह काम मैं करूंगा।

## शहडोल के जयसिंहनगर में हाथियों का उत्पात जारी

# 3 ग्रामीणों को कुचल कर मार डाला, भारी दहशत

**शहडोल, ।** जिला मुख्यालय से तकरीबन 60 किलोमीटर दूर उत्तर वन मंडल के जयसिंहनगर वन परिक्षेत्र में हाथियों के उत्पात से कोहराम मचा है। हाथी जंगल छोड़ रिहायसी क्षेत्र में घूम रहे हैं, जिससे लोगों में भय व्याप्त है । वन विभाग और पुलिस विभाग का अमला गांव में मंगलवार से ही क्षेत्र में मौजूद है। गांव कि लोगों को सतर्क कर रहा है और जंगल जाने से रोक रहा है। दूसरे दिन बुधवार की सुबह बांसा बांसा गांव में महुआ बीनने गए तीन ग्रामीणों को फिर हाथियों ने कुचल दिया है, जिनकी घटनास्थल पर मौत हो गई है। मृतकों में पति पत्नी और साली शामिल है। एक दिन पहले इसी क्षेत्र में एक दंपति को कुचला था जिनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। जयसिंहनगर वन परिक्षेत्र के डिप्टी रेंजर दशरथ प्रजापति ने बताया की कि सुबह 3.00 से 4.00 के बीच की घटना है। बांसा गांव के लल्लू उर्फ बल्ले सिंह कंवर 50 साल और उसकी



पत्नी ललिता सिंह कंवर 48 साल एवं इसकी साली देवी सिंह कंवर 38 साल निवासी नौगई को हाथियों ने कुचल दिया है जिनकी घटनास्थल पर मौत हो गई है। यह तीनों गांव के पास ही जंगल में महुआ बीनने गए थे। उसी समय हाथियों का दल आया और तीनों को बुरी तरह कुचल दिया है। इसके पहले हाथियों ने बासा गांव के पास वेयरहाउस में रखी धान को रौंदते हुए नुकसान पहुंचाया है। वहां से आगे बढ़ते हुए तीनों ग्रामीणों को कुचला और अब सेमरा गांव के आसपास हाथियों का दल पहुंच गया है।घटना की जानकारी लगते ही एडीजी डीसी सागर, कलेक्टर बंदना वैद्य, पुलिस अधीक्षक अवधेश गोस्वामी जैसीनगर क्षेत्र में पहुंच गए हैं। मृतकों के शव जयसिंहनगर के सरकारी अस्पताल में मैं पहुंचा दिए गए हैं और पोस्टमार्टम की कार्रवाई हो रही थी। वन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। हाथियों को खदेड़ने की पहल हो रही है लेकिन अभी तक वन विभाग को सफलता नहीं मिली है।

# पेट्रोल-डीजल फिर 80 पैसे महंगा

## अब CNG भी देने लगी झटका

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की बढ़ती कीमतों के कारण भारत में भी पेट्रोल और डीजल के बाद अब सीएनजी के दाम आसमान छू रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। मिली जानकारी की मुताबिक राजधानी दिल्ली में ष्ट्हत्र गैस के दाम में 2.50 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी के बाद अब इसे बढ़ाकर 66.61 रुपए प्रति किलो कर दिया गया है। आपको बता दें कि बीते 5 दिनों में ष्ट्हत्र 6.60 रुपए प्रति किलो महंगी हो चुकी है, वहीं 16 दिनों में पेट्रोल-डीजल के दाम में 10 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ चुके हैं। वहीं दूसरी ओर भारतीय



तेल कंपनियों ने बुधवार 6 अप्रैल को एक बार फिर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की है। पेट्रोल और डीजल में फिर से 80-80 पैसे बढ़ा दिए हैं।

## अलकायदा सरगना जवाहिरी ने उगला जहर, मुसलमानों को उकसाया, मुस्कान को बताया बहन



**नई दिल्ली।** देश में चल रहे हिजाब विवाद को लेकर अब खूंखार आतंकी संगठन अलकायदा के लीडर अयमान अल जवाहिरी ने भी जहर उगला है और देश के मुस्लिमों को भड़काने का प्रयास किया है। बीते मंगलवार को जवाहिरी ने 9 मिनट का एक वीडियो जारी किया है और इस वीडियो में उसने हिजाब विवाद के कारण सुर्खियों में आई मुस्कान नाम की मुस्लिम युवती को अपना बहन बताया है।

# बंगाल के बर्दवान में बीरभूम जैसी हिंसा

## रंजिश में मौत के बाद गलसी में हिंसक झड़प, कई घर जले; 31 अरेस्ट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्वी बर्दवान जिले के गलसी में बीरभूम जैसी घटना सामने आई है। पुलिस के मुताबिक- सोमवार की रात आपसी रंजिश में एक व्यक्ति की हत्याकर दी गई। हत्या के बाद जैसे ही गांव में डेथ बॉडी आया हिंसा भड़क उठी, हिंसा के दौरान कई घरों में आग लगा दी गई। घटना के बाद गांव में क्र्रन्न जवानों की



तैनाती की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक- पूर्वी बर्दवान में मनोज घोष और उत्पल घोष के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद मनोज ने उत्पल की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को बताया- जैसे ही उत्पल का शव गांव आया, वहां पर हिंसा भड़क गई। उत्पल के रिश्तेदारों ने मनोज और उनके पड़ोसियों के घरों में आग लगा दी। साथ ही आसपास के कार और बाइक को भी उग्र भीड़ ने फूंक दिया।

### 31 गिरफ्तार, RAF की तैनाती

घटना के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गई है। पुलिस ने अब तक 31 आरोपियों को हिंसा भड़काने के मामले में दबोचा है। सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। गांव में RAF जवानों की तैनाती की गई है।

## शेयर बाजार खुलने के साथ ही धड़ाम

# सेंसेक्स 450 अंक से ज्यादा टूटा निफ्टी भी लाल निशान पर

**नई दिल्ली ।** कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण भारतीय सूचकांक सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन गिरावट के साथ लाल निशान पर खुला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 461 अंक या 0.77 फीसदी फिसलकर 60 हजार के स्तर के नीचे आकर 59,715 पर खुला, जबकि एनएसई का निफ्टी 129 अंक या 0.72 फीसदी टूटकर 17829 के स्तर पर खुला। बाजार खुलने के साथ ही लगभग 996 शेयरों में तेजी आई है, 868 शेयरों में गिरावट आई है और 122 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। निफ्टी पर कोल इंडिया, टाटा स्टील, यूपीएल, भारती एयरटेल और जेएसडब्ल्यू स्टील लाभ में दिखे, जबकि एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टेक महिंद्रा में गिरावट देखने को मिली। गौरतलब है कि बीते कारोबारी दिन मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला संसेक्स 435 अंक फिसलकर 60,176 के स्तर पर बंद हुआ था, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 96 अंक की गिरावट के साथ एक बार फिर 18 हजार के स्तर के नीचे आ गया।



## विरोध के बाद श्रीलंका में 5 दिन बाद ही हटा दी इमरजेंसी

# चीन के खिलाफ बढ़ा गुस्सा

**कोलंबो।** आर्थिक संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश श्रीलंका में विरोध के बाद राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने मंगलवार को आपातकाल हटाने की घोषणा कर दी। श्रीलंका की सरकार ने देश में बिगड़ते हालात को देखते हुए 1 अप्रैल को इमरजेंसी लगा दी थी लेकिन विपक्ष के साथ ही आम लोगों का भी भारी विरोध होने के बाद सरकार को बैकफुट पर आना पड़ा और सरकार ने इमरजेंसी लगाने का फैसला वापस ले लिया है। राजधानी कोलंबो में भारी बारिश के बीच मंगलवार शाम को भी हजारों छात्रों ने प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के घर तक मार्च निकाला और सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका में चीन के खिलाफ गुस्सा लगातार बढ़ रहा है। श्रीलंकाई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि सरकार के पास पैसा नहीं है क्योंकि उसने चीन को सब कुछ बेच दिया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि चीन छोटे देशों को उधार देकर कर्ज के जाल में फंसा रहा है और अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर रहा है। श्रीलंकाई सेना ने हिंसक प्रदर्शनकारियों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए मंगलवार को कहा कि विरोध के नाम पर हिंसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्रीलंका के रक्षा सचिव, जनरल (सेवानिवृत्त) कमल गुणरत्ने ने लोगों से हिंसा से दूर रहने की अपील की।



# मुरैना में मालगाड़ी काटकर शक्कर लूटी

### सिकरौदा स्टेशन पर आरपीएफ और बदमाशों के बीच फायरिंग

**मुरैना ।** मुरैना से करीब 10 किमी दूर सिकरौदा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार रात को बदमाशों ने शक्कर से भरी मालगाड़ी के डिब्बे को काटा और शक्कर की बोरियां चुरा ली। हालांकि मौके पर गश्त करते पहुंचे आरपीएफ जवानों और शक्कर चुराने वाले बदमाशों के बीच में फायरिंग भी हुई। जिसमें एक बदमाश के घायल होने की सूचना है। सिकरौदा स्टेशन के पास नहर, खेतों में शक्कर की बोरियां बिखरी हुई पड़ी थी। रेलवे व आरपीएफ के अफसर मौके पर पहुंच गए हैं।घटनाक्रम के मुताबिक मुरैना स्टेशन व चंबल नदी के बीच में सिकरौदा स्टेशन पर एक शक्कर की बोरियों से भरी एक मालगाड़ी मंगलवार रात को रुकी थी। इस मालगाड़ी की बोगियों को बदमाशों ने काट दिया और उसमें से शक्कर की बोरियां चुराने लगे। सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और बदमाशों को घेर लिया। अपने आप को घिरा देख बदमाशों ने आरपीएफ के जवानों पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया।

# महाराष्ट्र में भाजपा पका रही सियासी खिचड़ी ?

## शरद पवार के डिनर में पहुंचे गडकरी, कांग्रेस बोली...

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में केंद्रीय जांच एजेंसियों की ताबड़तोड़ कार्रवाई के साथ सियासी गहमागहमी भी काफी तेज है। भारतीय जनता पार्टी की वापसी को लेकर खूब कयास लगते रहे हैं। इस सबके बीच कल दिल्ली में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार के घर डिनर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी पहुंचे। यहां शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत और महाराष्ट्र के कई दलों के विधायक भी मौजूद थे। इससे पहले दिन में महाराष्ट्र के विधायक शाम 6 बजे शिवसेना सांसद संजय राउत के घर पर एक चाय पार्टी में शामिल हुए। शरद पवार ने आज रात महाराष्ट्र के विधायकों को डिनर के लिए आमंत्रित किया। सभी दलों के नेता संसद में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिल्ली में हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम देश की संसदीय प्रणाली के अनुसार पहली बार चुने गए सभी विधायकों के लिए है। न्यूज एजेंसी से बात करते हुए महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण, जो महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य भी हैं, ने बताया कि पहली बार महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुने गए विधायकों को लोकसभा सचिवालय द्वारा एक कार्यक्रम के लिए दिल्ली बुलाया गया है। 5 अप्रैल से 6 अप्रैल को इनकी ट्रेनिंग होगा।



# मूल्यों, सिद्धांतों पर सदैव अडिग रही है भारतीय जनता पार्टी



**श्रद्धेय अटल जी कहा करते थे , अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा ! ये वाक्य हम जैसे कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहा है । देश के वे समस्त विषय जो देश की अखंडता, संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक सरोकार से जुड़े थे उन्हें भाजपा का आधार बनाया गया। भाजपा की नींव तैयार करने में हमें आशीर्वाद मिला श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जैसे ओजस्वी विचारकों का, विचारों को धरातल पर उतारने का काम किया देश की तत्कालीन सबसे मजबूत जोड़ी अटल-आडवाणी ने और आज जो भाजपा की भव्य इमारत खड़ी है उसे साकार किया है श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व ने, श्री अमित शाह जी के मजबूत इरादों ने और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा जी के कठोर परिश्रम ने।**

## स्थापना दिवस पर विशेष

भाजपा आज जनकल्याण का पर्याय बन चुकी है, देश की जनता ने भाजपा को आत्मसात किया है, भाजपा से लोग जुड़ रहे हैं, भाजपा के विकास के संकल्पों से लोग स्वयं को जोड़ पा रहे हैं लेकिन यह एक दिन की बात नहीं है यह 42 वर्षों के संघर्ष, कार्यकर्ताओं के कठोर परिश्रम, राष्ट्रवाद के मजबूत संकल्प और जन सेवा के प्रति समर्पण के बल पर संभव हो सका है। प्रारंभ से ही एक ओर अंतिम व्यक्ति का कल्याण कार्यकर्ताओं के विचारों में निहित था तो दूसरी ओर एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेगा जैसी राष्ट्रवादी परिकल्पनाओं को साकार करने जैसा मजबूत निश्चय मन में था । भाजपा की यात्रा में अनेक पड़ाव आए, कभी हम सदन में दो सदस्य तक रह गए, तब भी राष्ट्रवाद और जनकल्याण को संसद के पटल पर रेखांकित करने से हम नहीं डिगे और जब मोदी जी के नेतृत्व में देश की सबसे बड़ी पार्टी बन कर सदन में पहुंचे तो धारा 370 और तीन तलाक जैसे काले कानूनों को हटा कर और भव्य राम मंदिर निर्माण के अपने संकल्पों की पूर्ति की । आज आम जन के मन में विश्वास है कि मोदी है तो मुमकिन है, क्योंकि समाज का कोई भी वर्ग हो, विकास का कोई भी क्षेत्र हो वो भाजपा के जनकल्याण के कार्यों से अछूता नहीं रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में पूरे देश मेंराजनीतिक शुचिता का वातावरण निर्मित हुआ. उनके कार्यों को आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने आगे बढ़ाते हुए गरीब कल्याण, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता के लक्ष्यों को लेकर देश में आत्म विश्वास एवं आत्म स्वाभिमान का वातावरण निर्मित किया है । महिला कल्याण की बात हो या फिर युवा वर्ग का उत्थान और उनके रोजगार की व्यवस्था, प्रत्येक वर्ग के उत्तरोत्तर प्रगति के लिए मोदी जी ने दृढ़ निश्चय के साथ ऐसे अनेक फैसले लिए है जिससे देश का सिर पूरी दुनिया में गर्व से ऊंचा हुआ है । जनता की श्रद्धा और विश्वास का केंद्र है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी । मोदी जी भारत के लिए ईश्वर का वरदान है । प्रधानमंत्री जी ने भारत का गौरव दुनिया के समक्ष ऐसा बढ़ाया है कि आज दुनिया भारत के बिना नहीं चल सकती है । भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करती है, यहां पर फैसलेसर्व-सम्मति से होते हैंद्य भारतीय जनता पार्टी भारतीय संस्कृति की पारंपरिक मान्यताओं में पूर्ण विश्वास रखती है और यही सिद्धांत भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रियता और सफलता के प्रमुख कारण है। आज भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो पूर्णतः अपने कैडर एवं अनुशासन के लिए जानी जाती है इस पार्टी में कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान प्राप्त है। भारतीय जनता पार्टी ही देश की एक ऐसी पार्टी है जिसमें एक एक सामान्य सा कार्यकर्ता देश के सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है। भारतीय जनता पार्टी अभी यहीं रुक जाने वाली पार्टी नहीं है। हम चरैवेति चरैवेति में विश्वास करते हैं। सदैव जनहित के नए लक्ष्य तय करते है और पूरी दृढ़ता के साथ फिर आगे बढ़ जाते है। हमें एक लंबा सफर तय करना है। आइए भाजपा के स्थापना दिवस पर हम सब मिलकरसंकल्प ले कि हम राष्ट्र ही प्रथम है की संकल्पना के साथ कार्य करे, तभी देश और मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर बनेगा और भारत राष्ट्र का गौरव विश्व में चिर स्थायी बन सकेगा।

**मेरी ओर से स्थापना दिवस पर पुनः बधाई शुभकामनाएं**



**शिवराज सिंह चौहान**
**( लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं )**

# कल आएंगे शिवराज, देंगे कई सौगातें



## पूर्व मंत्री पं. सत्येन्द्र पाठक की स्मृति में जिला चिकित्सालय में बनने वाले सर्वसुविधायुक्त भवन का करेंगे भूमिपूजन

### मिशन चौक ओव्हर ब्रिज का लोकार्पण होगा



**कटनी।** प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान के कल 7 अप्रैल को कटनी नगर आगमन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा आज दिन भर सीएम श्री चौहान के कटनी आगमन की तैयारियों की मॉनीटरिंग की जाती रही। पूर्व मंत्री एवं विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने आज दोपहर जिला चिकित्सालय एवं अंजूमन स्कूल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। जानकारी के मुताबिक सीएम शिवराज सिंह चौहान 7 अप्रैल को राजधानी भोपाल से हेलीकॉप्टर से रवाना होकर दोपहर लगभग 12:55 बजे कटनी पहुंचेंगे। झिंझरी स्थित पुलिस लाइन मैदान पर हेलीपेड बनाया गया है। यहां जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी अगवानी की जाएगी। यहां से वे कार से रवाना होकर सबसे पहले जिला चिकित्सालय पहुंचेंगे और यहां पूर्व कैबिनेट मंत्री कर्मयोगी पंडित सत्येन्द्र पाठक जी की जन्म जयंती 7 अप्रैल के अवसर पर जिला चिकित्सालय में करीब साढ़े 7 करोड़ रूपयों की लागत से निर्मित होने वाले तीन मंजिला सर्व सुविधायुक्त भवन का भूमिपूजन करेंगे। इसके उपरांत मु यमंत्री श्री चौहान अंजूमन स्कूल पहुंचेंगे और यहां डॉक्टरों और प्रबुद्धजनों के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। दोपहर करीब 01:45 बजे सीएम श्री चौहान कार से बरगवां के लिए रवाना होंगे और यहां 89 करोड़ रूपए की लागत से बनकर तैयार मिशन चौक ओव्हर ब्रिज का लोकार्पण करेंगे। शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करने के उपरांत मु यमंत्री हेलीकॉप्टर से स्लीमनाबाद के लिए रवाना हो जाएंगे।

### फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड से ही अंजुमन में प्रवेश कर सकेंगे लोग, पार्किंग की भी सुविधा

*अंजुमन इस्लामिया स्कूल में आयोजित मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जनसभा के लिए फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। बताया जाता है कि फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में ही दुपहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग होगी और फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड से ही आम जनमानस अंजुमन स्कूल में प्रवेश कर सकेगा। फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड के अंदर से ही अंजुमन जाने के लिए रास्ता बना दिया गया है।*

### साढ़े 7 करोड़ की लागत से बनेगा सर्वसुविधायुक्त भवन, पूरा होने के बाद शासन को सौंपा जाएगा

विधायक संजय पाठक ने कि वे अपने पूज्य पिता कर्मयोगी पंडित सत्येन्द्र पाठक जी की स्मृति में स्वयं की पारिवारिक निधि द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में तीन मंजिला लगभग 28 सौ वर्गफुट क्षेत्र का लगभग साढ़े 7 करोड़ की लागत से बनने वाला सर्वसुविधायुक्त ग्रीन फील्ड अस्पताल भवन बनाकर राज्य शासन को समर्पित करेंगे, जिसका उपयोग जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं के विकास तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने में होगा। इसी तरह विजयराघवगढ़ एवं बरही में भी अस्पताल का भवन बनाकर दिया जा रहा है। यहां स्थल का चयन हो चुका है। इसकी ड्राइंग डिजाइन प्रस्ताव राज्य शासन के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा पारित कराया गया। भूमिपूजन के पश्चात पुराने भवन को तोड़कर तीन मंजिला नया अस्पताल भवन बनाया जाएगा। अस्पताल की तीन मंजिला इमारत के भूतल में 10 विश्व स्तरीय डायलेसिस इकाई, दवा वितरण केन्द्र, एक्सरे कक्ष प्रथम तल 20 प्राइवेट, सेमीप्राइवेट वार्ड, द्वितीय तल लैब प्रयोगशाला, रक्त बैंक, अन्य कार्यालय कक्ष के साथ ही ओपीडी परिसर वार्ड परिसर में चिकित्सा सेवा शुरुआत होगी, जिसमें चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी, अधिकारी, कर्मी अस्पताल में अपनी सेवा देंगे। भवन परिसर में लि ट की सुविधा उपलब्ध होगी।

# ठेके पर होगा मुड़वारा स्टेशन के यात्री प्रतीक्षालय का संचालन

***नवीनीकरण व रखरखाव के लिए रेलवे ने किया अनुबंध, रेनोवेशन, ऑपरेशन, मेंटेनेंस एवं ट्रांसफर(आरओएमटी) पॉलिसी के तहत रेलवे कर रहा अतिरिक्त आय के प्रयास***

**कटनी।** रेलवे नई गैर-किराया राजस्व विचार योजना को कार्यान्वित करके गैर-किराया राजस्व के तहत अतिरिक्त आय अर्जित करने अहम भूमिका निभा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे में जबलपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा कटनी मुड़वारा सहित पांच स्टेशनों के लिए गैर-किराया राजस्व के तहत अतिरिक्त राजस्व प्राप्त करने के लिए रेनोवेशन, ऑपरेशन, मेंटेनेंस एवं ट्रांसफर(आरओएमटी) नीति लागू की गई है। जिसके रेनोवेशन, ऑपरेशन, मेंटेनेंस एवं ट्रांसफर (आरओएमटी) नीति के तहत रेलवे स्टेशनों के प्रतीक्षालय के नवीनीकरण, संचालन एवं रखरखाव अनुबंध किया है। प्रथम चरण में जबलपुर मंडल के प्रमुख स्टेशन कटनी मुड़वारा, जबलपुर, मैहर, सतना एवं रीवा में शुरुआत हुई है। इस योजना से पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल को 05 वर्षों में आरओएमटी के तहत कुल 01 करोड़ 78 लाख 75 हजार रूपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। इससे अलावा रेलवे को प्रत्येक वर्ष सिविल कार्य, रखरखाव एवं इलेक्ट्रिक की काफी बचत भी होगी। रेलवे आगे भी राजस्व को बढ़ाने के लिए रेनोवेशन, ऑपरेशन, मेंटेनेंस एवं ट्रांसफर (आरओएमटी) नीति के तहत अन्य रेलवे स्टेशनों के प्रतीक्षालय के नवीनीकरण संचालन एवं रखरखाव अनुबंध के आधार पर नयी-नयी योजनाओं को विस्तार करने के लिए प्रयास करता रहेगा।

### मुड़वारा स्टेशन से होगी 10 लाख की अतिरिक्त आय

इस योजना के तहत कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालय के नवीनीकरण एवं रखरखाव के लिए आरओएमटी नीति के तहत 05 वर्षों में एनआरएफ से 10.05 लाख रूपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। वहीं जबलपुर रेलवे स्टेशन से 90.05 लाख रूपए, सतना रेलवे स्टेशन से 57.50 लाख रूपए, मैहर रेलवे स्टेशन से 15.05 लाख रूपए व रीवा रेलवे स्टेशन से 06.05 लाख रूपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।


**OFFICE MUNICIPAL CORPORATION, KATNI(M.P.)**

**E.O.I. No .: 51/DAY-NULM/ SMID/ EOI / KMC / 2022 Katni , Dated 04.04-22**

**Emplaned Notice for inviting Offer [First Call]**

Katni Municipal Corporation invites online expression of interest from Reputed organization Agency from the field of community development sector for Upcycling P{lastic Waste to creat livelihood by Establishing, Operation, Management and training center for ONE years under social Mobilization & Institutional Development (SMID) component of Day-National urban livelihood mission & **SWACHH BHARAT MISSION CONVERGANCE PROGRAMME**. major objective of this programe is to provide waste management solution to problem created by unprocessed plastic hazards and provide market opportunities to urban poor through. The said Center will also assist in promotion of livelihood activities, marketing & handholding support of Urban Poor. Earnest money of Rs. 16,500/ - shall be submitted in the form of online receipt in favors of Commissioner Municipal Corporation Katni. The Technical offer will be opened on **20/04/2022 at 10:30** am & financial bid open on **20/04/2022 at 14:30** at office of project officer DAY-NULM.

**Work to be performed**

| S. No. | Description of work | Plastic up Cycling Center |
|---|---|---|
| 1 | Establishment , Operation & Management of plastic up cycling center | Requirement based |

Tender documents can be purchased only online from http://www.mpetenders.gov.in by making online payment including portal fees as online processing charges from 17:30 Hrs (time) 04/04/2022 (date) to 17:30 Hrs (time) 19/04/2022 (date). **Bidder should submit** : (1) EMD in form of FDR or Demand Draft. (ii) E - Payment Receipt for the Cost of Bid Document. (iii) Appropriate Category Registration. (iv) PAN Card and GST Registration. **Note : Rules and regulation regarding GST updated by Govt. time to time shall be accepted by the Bidder.**

**Executive Engineer**
**Municipal Corporation Katni ( M.P. )**



आमंत्रण
रोटी बैंक द्वारा
पं. सत्येन्द्र पाठक जी के 07 अप्रैल जन्म दिवस पर आयोजित
मां जालपा को श्रृंगार एवं चुनरी भेंट
किए जाने एवं अनाज वितरण कार्यक्रम में आप सादर आमंत्रित है
मां के दरबार में......
श्रीमति निर्मला पाठक जी
स्थान - मां जालपा देवी मंदिर ( सायं 7 बजे )
निवेदक- जूनी राजपूत (अध्यक्ष रोटी बैंक), डॉ. सुरेन्द्र राजपूत (स्टेट चेयरमेन व संजय पाठक फ्रेंड्स ग्रुप), डॉ. श्रीमती ज्योति राजपूत, डॉ. मनोज खरे
विनीत- शिल्पी सोनी (पूर्व पार्षद), उमाकांत दुबे (151 गणेश समिति), अनुराग त्रिसोलिया (जिलाध्यक्ष संजय पाठक फ्रेंड्स ग्रुप), मनीष लालवानी (नगर अध्यक्ष ), सुरेश उसरेटे, मंजूषा गौतम, गीता गुप्ता, गीता पाठक, नवनीत गुप्ता, राकेश तिवारी, मनोज नौगरहिया (गायत्री योग केन्द्र)
सौजन्य- शैलेन्द्र कुशवाहा, बाबू ग्रोवर, अनुज तिवारी, विवेक जैन (रीठी)


## रेल यात्रियों को मिल रहा व्रती भोजन, आईआरसीटीसी की खास पहल

**कटनी।** रेलवे नवरात्र पर्व के दौरान यात्रियों को बड़ी सुविधा प्रदान कर रहा है। नवरात्र में उपवास के दौरान सफर करने वाले यात्रियों को फलाहारी भोजन उपलब्ध करा रहा है। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए खास इंतजाम किए हैं। नवरात्र पर्व के अवसर यात्रियों को व्रत का भोजन परोसने के लिए मेनू तैयार किया है। जिसके तहत प्याज और लहसुन के बिना सात्विक भोजन तैयार किया जा हा है। इसमें सेंधा नमक का उपयोग किया जा रहा है जो कि नवरात्रि के व्रत का पालन करने वाले लोगों के लिए एक आवश्यक है। नवरात्रि पर्व के दौरान विशेष मेनू 2 अप्रैल से ट्रेनों में उपलब्ध कराया जा रहा है।

***ये है व्रत का विशेष मेनू***

स्टार्टर्स में आलू चाप व साबूदाना का टिक्का, मेन कोर्स में पनीर मखमली और साबूदाना खिचड़ी के साथ यात्रियों को नवरात्रि स्पेशल थाली उपलब्ध कराई जा रही है। इस थाली में साबूदाना खिचड़ी, सिंहधा आलू पराठा, कोफ्ता करी, पनीर मखमली, अरबी मसाला, आलू चाप, दही के साथ साबूदाना खिचड़ी और सीताफल (कस्टर्ड सेब) खीर शामिल हैं। रेल यात्री आईआरसीटीसी ऐप के माध्यम से बुकिंग कर सकते हैं या वेबसाइट पर जा सकते हैं या टेलीफोन नंबर 1323 पर कॉल कर सकते हैं। ऑर्डर के समय यात्रियों को अपना पीएनआर नंबर, मोबाइल नंबर आदि की जानकारी देना अनिवार्य है।

## पेड़ से गिरकर युवक की मौत, अज्ञात कारणों से गई अबोध बालक की जान

**कटनी।** बरही थाना अंतर्गत ग्राम जगुआ में पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए एक 45 वर्षीय युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम पड़वार में अज्ञात कारणों से एक 8 माह के अबोध बालक की जान चली गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम जगुआ निवासी 45 वर्षीय सरजू पिता लालमन यादव गतदिवस पिपहीडेम जंगल के पास पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम पड़वारा में अर्जुन काछी के 8 माह के अबोध बालक आर्यन की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।


स्व. श्री धनेन्द्र (जित्तु) गर्ग जी की प्रथम पुण्यतिथि में आयोजित
श्रीमद् भागवत कथा
शनिवार 23 अप्रैल 2022 से शनिवार 30 अप्रैल तक
शनिवार 30 अप्रैल 2022 को कन्या भोज, ब्राम्हण भोज, भण्डारा एवं प्रसाद वितरण
स्थान- मुख्य मार्ग इमलिया, निज निवास स्थान मनकामेश्वर मंदिर ग्राम पंचायत इमलिया, जिला-कटनी
स्व. श्री धनेन्द्र (जित्तु) गर्ग जी
निवेदक-धर्मेन्द्र गर्ग
एवं समस्त गर्ग परिवार व मित्रगण, मो. 8463060428
कथा व्यास परमपूज्य गुरूदेव आचार्य डॉ. श्री बालेन्दु प्रसाद मिश्रा जी महाराज कटनी (बरगढ़ वाले गुरूजी)



PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



प्लॉट बिकाऊ है
समदड़िया सिटी, राय कालोनी, बारह बंगला के पास एवं शांतिनगर में साईज 1000-3000 वर्गफुट तक के प्लॉट, रेट 1000-1200 वर्गफुट तक सिर्फ खरीददार ही संपर्क करें।
मो. 9993705740




JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668



आर्टिफिशल इन्टेलीजेन्स के साथ कटनी की प्रथम अति आधुनिक 32-96 स्लाइस 2021 मॉडल सीमन्स कम्पनी की मशीन
एडवांस्ड सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
-32-96 स्लाइस की मशीन होने के कारण एक्सपोजर समय अत्यंत कम
-सी टी हेड 6 सेकंड
-सी टी चेस्ट 20 सेकंड, -सी टी एबडामन 30 सेकंड, -कम एक्सपोजर कम रेडीयेशन
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087, 8319994375 फोन 07622-494511








पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009



PRE. REGISTRATION सांईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष–35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |


नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 4 शो ता. 01 से 12, 3.30, 7 एवं रात्रि 9 बजे से


RRR (हिंदी में)
कलाकार- रामचरन, एन.टी. रामा राव, श्रेया सरन, अजय देवगन आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 01 से 12.45, 3, एवं सायं 6 बजे से



ATTACK (हिंदी में)
कलाकार- जॉन अब्राहम, रकुलप्रीत सिंह, प्रकाश राज, किरन कुमार आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 01 से सुबह 10 एवं रात्रि 10 बजे से


MORBIOUS (हिंदी में)
कलाकार- माईकल कीटन, मैट स्मिथ, कोरे जॉनसन, चार्ली शाटवेल आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



नीरज सिनेप्लेक्स में

शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 25 से 11.45, 3 एवं 6.15 बजे से
RRR (हिंदी में)
कलाकार- रामचरन, एन.टी. रामा राव, श्रेया सरन, अजय देवगन आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207



यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन- 230033

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 06 अप्रैल 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# नवरात्र : पंचमी पर स्कंदमाता की आराधना

## चहुंओर नवरात्र की धूम, मंदिरों में उमड़ रही भक्तों की भीड़

कटनी। आदिशक्ति जगतजननी मां जगदम्बे की शक्ति आराधना के महापर्व चैत्र नवरात्र पर्व की पंचमी पर आज माता स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करते हुए माता की आरती उतारी। नवरात्र पर्व के चलते मंदिरों में हर दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सबसे ज्यादा भीड़ प्रमुख आस्था के केन्द्र जालपा मढ़िया में देखी जा रही है। यहां भक्तों के आने का सिलसिला सुबह से शुरू होकर देर रात तक चलता रहता है। मंदिरों में देर रात तक देवी भगतों और भजन कीर्तन के आयोजन भी चल रहे।

### कहीं भगतें तो कहीं देवी जागरण का आयोजन



### अष्टमी पर लगेगा अठवाई का भोग

चैत्र नवरात्र नर्व की अष्टमी 9 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस दिन घरों के साथ ही मंदिरों में मातारानी को अठवाई का भोग लगाया जाएगा। मंदिरों में अष्टमी को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस दिन मातारानी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। अष्टमी के दिन शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में पूर्णाहूति हवन एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है। जानकारी के मुताबिक बावली टोला स्थित मरही माता मंदिर में दोपहर 2 बजे एवं कुठला चंडिका नगर स्थिति चंडिका मंदिर में सुबह 11:30 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

### नवमी पर होगा जवारों का विसर्जन

चैत्र नवरात्र पर्व की नवमी 10 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस दिन जालपा मढ़िया सहित अन्य देवी मंदिरों से अपार श्रद्धा और भक्ति के बीच जवारा विसर्जन जुलूस निकाला जाएगा। कटनी नदी सहित अन्य स्थानों पर भक्तिभाव के बीच जवारों को विसर्जन किया जाएगा।



### मां मरही माता मंदिर में 8 बजे से देवी जागरण

चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर गजानन टॉकीज चौराहा स्थित मां मरही माता मंदिर में कल गुरूवार 7 अप्रैल को रात 8 बजे से विशाल देवी जागरण का आयोजन किया गया है। जिसमे कटनी के प्रसिद्ध भजन गायक मुन्ना तिवारी एवं जबलपुर की भजन गायिका प्रियंका भास्कर द्वारा देवीगीतों की शानदार और मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। श्रद्धालुओं से देवी जागरण में पहुंचने का आग्रह किया गया है।

# दो बजे से थी नीलामी, ढाई बजे लोग पहुंचे तो कह दिया हो गया ठेका

**ग्राम पंचायत पहाड़ी निवार का मामला, सरपंच, सचिव पर आरोप**

**कटनी।** जनपद पंचायत कटनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत पहाड़ी निवार में प्रति गुरुवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार बैठकी की सह वसूली साईकिल स्टेन्ड की नीलामी में अनियतिताएं किए जाने की एक शिकायत कलेक्टर से की गई है। अमन कुमार चौबे, कपिल चौबे, अतुल विश्वकर्मा, शानू जायसवाल एवं ग्रामवासियों ने कलेक्टर को दी गई एक शिकायत में बाजार नीलामी पुनः कराए जाने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि विगत 3 अप्रैल को ग्राम पंचायत पहाड़ी में साप्ताहिक बाजार बैठकी की सह वसूली साईकिल स्टेन्ड की वर्ष 2022-23 तक के लिये नीलामी की जानी थी। ग्राम पंचायत पहाड़ी कार्यालय द्वारा नीलामी का समय 3 अप्रैल दोपहर 2 बजे रखा गया। नीलामी ग्राम पंचायत पहाडी के यात्री प्रतीक्षालय में की जाना थी, जिसमें ग्राम पंचायत सचिव एवं सरपंच की पूर्व से की गई कूटनीति एवं सूझबूझ से नीलामी को पहले से ही किसी अन्य व्यक्ति को सौंप दी गई और नीलामी का समय दोपहर तेज धूप में रखा गया, ताकि कोई व्यक्ति आ न सके और जब लोग नीलामी के लिये पहुंचे तो वहां सचिव एवं सरपंच द्वारा पहले से ही नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने की जानकारी दी गई। विज्ञप्ति में नीलामी हेत उपस्थित होने का समय दोपहर 2 बजे था किन्तु जब लोग दोपहर ढाई बजे पहुंचे तो उन्हें ग्राम पंचायत सचिव एवं सरपंच द्वारा नीलामी से बाहर कर दिया गया। कलेक्टर से सरपंच एवं सचिव के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की गई है।

# हितग्राहियों को मिलेगा 6 महीने का राशन

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत जिले की समस्त राशन दुकानों में कल गुरूवार को होगा अन्न उत्सव का आयोजन**

**कटनी।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत प्रदेश में 5 करोड़ हितग्राहियों को अप्रैल से सितम्बर तक 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति सदस्य प्रतिमाह के मान से निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जायेगा। यह मात्रा एनएफएस के अंतर्गत नियमित वितरण किये जा रहे खाद्यान्न के अतिरिक्त होगी। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने 7 अप्रैल को अन्न उत्सव के आयोजन को लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत इन आयोजन के संबंध में जारी आदेश के तहत उचित मूल्य दुकान पर नियुक्त नोडल अधिकारियों को अन्न उत्सव के दौरान दुकान में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही सामग्री वितरण हेतु प्रत्येक दुकान पर पीओएस मशीन की उपलब्धता चालू हालत में रखना सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया है। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं योजना के अंतर्गत अप्रैल के आवंटन अनुसार खाद्यान्न का प्रदाय उचित मूल्य दुकानों पर हो जाये यह सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है। वहीं उचित मूल्य दुकानों पर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को आमंत्रित कर पात्रता अनुसार एनएफएस एवं पीएमजीकेएवॉय योजना का खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री का वितरण करायें जाने के लिये निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही अन्न उत्सव के आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते हुये अन्न उत्सव कार्यक्रम में आमंत्रित करने, उचित मूल्य दुकान स्तरीय सतर्कता समिति के सदस्यों को आवश्यक रुप से दुकानों पर आमंत्रित करने के निर्देश भी जारी किये गये हैं। आयुक्त, सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आजादी के अमृत महोत्सव एवं अन्न उत्सव के आयोजन के संबंध में प्रचार-प्रसार करने के लिये निर्देशित किया गया है। अन्न उत्सव की मॉनीटरिंग के लिये जिले की समस्त जनपद पंचायत एवं नगर निगम क्षेत्र के लिये अधिकारियों को नियुक्त कर दायित्व सौंपे गये हैं।

### अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर 15 अगस्त से आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत देश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के 6वें चरण के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 6 माह तक अप्रैल से सितम्बर तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जायेगा। जिसमें हितग्राहियों को 6 माह का दुगना खाद्यान्न पीएमजीकेएवाय में 5 किलोग्राम एवं एनएफएस में 5 किलोग्राम प्रति सदस्य प्राप्त होगा। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 7 अप्रैल को उचित मूल्य दुकान पर अन्न उत्सव का आयोजन किया जाना है। जिसमें शासकीय उचित मूल्य दुकानवार नियुक्त नोडल अधिकारी की उपस्थिति में राशन सामग्री का वितरण किया जायेगा। यह कार्यक्रम स्थानीय जनप्रतिनिधियों, उचित मूल्य दुकान स्तरीय सतर्कता समिति के सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा।

# रामनवमी पर निकलेगी प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा



**हिंदू उत्सव समिति के बैनर तले सामाजिक, धार्मिक, व्यवसायिक संगठनों की होगी सहभागिता**

**कटनी।** अखंड कोटि ब्रह्माण्ड नायक मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के अवसर पर श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में विशाल शोभा यात्रा का 5वा आयोजन सभी सामाजिक, धार्मिक और व्यवसायिक संगठनों के सहयोग से रामनवमी पर रविवार 10 अप्रैल को किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां पूरे जोर शोर के साथ की जा रही है। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति द्वारा कई टोलियां बनाई गई है। आयोजन को भव्य बनाने के लिए उत्सव समिति के अध्यक्ष मथुरा प्रसाद सोनी, सचिव आशीष गुप्ता बाबा और कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश बरसैयां द्वारा उपाध्यक्ष पप्पू दीक्षित, राजू रजक, राजू कोल, डॉ उषा पांडे, अशोक सेवलानी, सहसचिव राकेश सोनी, यश चमडिया, नारायण गट्टानी और देवेंद्र राय की सहमति से विभिन्न टोलियों का निर्माण किया गया है। जिनमें स्वागत व्यवस्था टोली, टेंट व साउंड व्यवस्था टोली, रथ एवं साज-सज्जा व्यवस्था टोली, जुलूस व्यवस्था टोली, सामाजिक संस्थाओं से संपर्क करने वाली टोली, अर्थ संग्रह टोली, स्वच्छता एवं जल व्यवस्था टोली, प्रचार प्रसार मीडिया टोली, भजन मंडली टोली, अखाड़ा व्यवस्था टोली, तिलक व्यवस्था टोली और सुरक्षा व्यवस्था टोली शामिल है। 10 अप्रैल की शाम 4 बजे मनकामेश्वर मंदिर मुख्य रेलवे स्टेशन से शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, झंडा बाजार, सराफा बाजार, खैरमाई मंदिर के सामने, सुक्खड़ चौक, गहोई धर्मशाला के सामने, लक्ष्मीनारायण मंदिर के सामने से शेर चौक, आजाद चौक होते हुए गाटर घाट स्थित श्री समीर राम मंदिर पहुंचेगी, जहां महा आरती और प्रसाद वितरण के साथ शोभायात्रा का समापन होगा।

### इन्हें मिली टोलियों की जिम्मेदारी

स्वागत व्यवस्था टोली में अमित सिंघई, प्रभांशु वैश्य, शुभाशीष जैन, प्रीतेश बिलैया, संजय चौदह, नीलेश विश्वकर्मा, अनुराग त्रिसोलिया, स्वप्निल पुरवार, अरुण नामदेव, टेंट और साउंड व्यवस्था टोली में बालमुकुंद गुप्ता, अजय सरावगी, कमलेश गुप्ता, पिंटू नामदेव, राजू रजक, रथ और साज सज्जा व्यवस्था टोली में नितिन बिलैया, लकी चौदह, पुनीत नगरिया, सुशील बरसैयां, विनीत चौदहा, संजय चौदहा मंगू, विजय ठाकुर, मनोज कस्तवार, अर्थ संग्रह टोली में चंद्र प्रकाश बरसैयां, रणवीर कर्ण, राकेश अग्रवाल, अतीत गुप्ता, रामहित सोनी, स्वच्छता एवं जल व्यवस्था टोली में अभिषेक ताम्रकार, संजीव सूरी, डॉ रमेश सोनी, विजय डब्बू रजक, रमेश गुप्ता, अनूप अग्रवाल, प्रचार प्रसार मीडिया टोली में आशीष सोनी, आदेश खरया, विवेक शुक्ला, आशीष रैकवार, भवानी तिवारी, यश खरे, रोहित सेन, नयन अग्रवाल, रणवीर कर्ण, प्रदीप साहू, अजय माली, भजन मंडली टोली में नरेंद्र खंताल, गणेशदत्त मिश्र, डा हजारी प्रसाद, अखाड़ा व्यवस्था टोली में मनीष त्रिसोलिया, सोनू बहरे, तिलक व्यवस्था टोली में राहुल दुबे, आशुतोष शुक्ला, पंकज सरावगी, गुड्डू कस्तवार, मुकेश सोनी, सुरक्षा व्यवस्था टोली में मनीष दुबे, जुलूस व्यवस्था टोली में प्रेमप्रकाश दीक्षित, बबलू चौदह, शिवम शर्मा, सर्वेश तिवारी, शरद अग्रवाल, अंतिम गुप्ता, आशीष कंदेले, बसंत यादव, सत्यदर्शन मिश्रा, प्रदीप गुप्ता, प्रकाश भौमिया, संपर्क टोली में भगवान दास माहेश्वरी, कृष्ण मुरारी गट्टानी, दीपक सोनी, पप्पू दीक्षित, किशन शर्मा, सुरेश सोनी, प्रमोद सरावगी, अनूप अग्रवाल, रामहित सोनी, नवनीत खंडेलवाल, गोविंद सचदेवा, मुकेश चंदेरिया शामिल है।

### दीपों की रोशनी से जगमगाएगा शहर

समिति ने शहर के सभी नागरिकों सभी समाज के प्रतिनिधि सामाजिक संगठन धार्मिक संगठन एवं व्यवसायिक संगठनों से इस विशाल शोभायात्रा के भव्य स्वागत की अपील करते हुए अनुरोध किया है कि इस पावन दिवस पर जुलूस मार्ग में अपने-अपने घरों, व्यवसाय प्रतिष्ठानों में बंदनवार सजा कर रोशनी करें और अधिक से अधिक संख्या में दीप प्रज्वलित कर एवं रंगोली सजाकर प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा का पूरे परिवार के साथ स्वागत किया जाए।

# विकास के लिए कटनी से हो राज्यसभा का सांसद

## सीएम के आगमन के पहले भाजपा के पूर्व विधायक ने उठाया कटनी से सांसद का मुद्दा



**कटनी।** कल 7 अप्रैल को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कटनी नगर आगमन के पहले भाजपा के पूर्व विधायक गिरिराज किशोर पोद्दार ने कटनी से लोकसभा या राज्यसभा सांसद बनाए जाने की मांग कर सनसनी फैला दी है। पूर्व विधायक राजू पोद्दार ने मंगलवार को अपने निवास पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जिले का जैसा विकास होना चाहिए, वैसा नहीं हो पाया है। कटनी की आवाज दिल्ली तक पहुंचाने वाला कोई नहीं है और जब तक आपकी आवाज देश की राजधानी तक नहीं पहुंचेगी, तब तक न तो कटनी का विकास होगा और न ही लोगों को सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री से कटनी क्षेत्र की जनता पिछले 15 वर्षों से लोकसभा या राज्यसभा का सांसद कटनी से दिए जाने की मांग कर रही है। कटनी देश का केंद्र बिंदु है। रेलवे का बड़ा जंक्शन है। यहां खनिजों का विपुल भंडार है। व्यापार का बहुत बड़ा केंद्र है। ट्रांसपोर्टिंग का भी बहुत बड़ा केंद्र है। सारी संभावनाओं को और बेहतर ढंग से क्षेत्र के हित में आगे बढ़ाने के लिए सांसद कटनी से बनन आवश्यक है। आज से 12 साल पहले कटनी को इंडस्ट्रियल कारिडोर में जोड़ा गया था। उसकी कोई प्रगति नहीं हुई। हरदुआ में ड्राई पोर्ट कंटेनर डिपो बनना था। ए एयर स्ट्रिप बननी थी। कटनी को सहकारी जिला बनना था। दूध डेरियां शहर से बाहर शिफ्ट होनी थी। बरगी नहर का पानी घिनोची नाले से कटनी नदी में लाना था। कटनी नदी को नदी घाटी योजना में शामिल हुए 10 साल हो गए। ट्रांसपोर्ट नगर में भी अभी तक ट्रांसपोर्ट शिफ्ट नहीं हुए। कटनी से पन्ना खजुराहो रेल लाइन दिवास्वप्न जैसी हो गई है। वैकल्पिक ऊर्जा के रूप में सौर ऊर्जा पार्क, पवन चक्कियां कैमोर की पहाड़ियों पर स्थापित की जा सकती थी। माइनिंग यूनिवर्सिटी या माइनिंग डिप्लोमा कोर्स तिलक महाविद्यालय में प्रारंभ किया जा सकता था। उन्होंने कहा कि वे जब विधायक थे, तब उनके द्वारा विधानसभा में खनिज वैल्यू ऐडेड प्रोडक्ट बनाने को लेकर प्रश्न लगाए गए थे। लेकिन कुछ हासिल नहीं हुआ। कोई बड़ा प्लांट नहीं लगा। जो सीमेंट फैक्ट्रियां हैं, उनका जितना लाभ मिल सकता है, मिल रहा है। परंतु सीमेंट फैक्ट्रियों की नीतियां भी ऐसी है कि जिससे क्षेत्र को एक तरफ लाभ नहीं मिल रहा।

### मेरे कार्यकाल में सीएम ने की थी मिशन चौक ओव्हर ब्रिज निर्माण की घोषणा : राजू पोद्दार

पूर्व विधायक राजू पोद्दार ने कहा कि जब वे विधायक थे और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान खिरहनी ओव्हर ब्रिज का लोकार्पण करने आए थे, तब उन्होंने तीन बड़ी घोषणाएं की थी। जिसमे मिशन चौक ओव्हर ब्रिज का निर्माण भी शामिल था। उन्होंने कहा कि मिशन चौक ओवर ब्रिज के लिए जो लगातार प्रयास हो रहे थे, वर्तमान विधायक ने किए। उनसे पूर्व के विधायकों ने भी किए और लगातार किए और एक समस्या का समाधान प्राप्त हुआ, लेकिन इसके बावजूद जब कटनी से सांसद नहीं होगा, तब तक इस क्षेत्र का विकास नहीं होगा।

# दयोदय पशु सेवा केन्द्र पहुंचे छग गौसेवा आयोग के अध्यक्ष



**कटनी।** कैलवारा झुरही स्थित दयोदय पशु सेवा केन्द्र में छत्तीसगढ़ राज्य गो सेवा आयोग के अध्यक्ष महामंडलेश्वर राजेश्री महंत राम सुंदर दास का आज सुबह अल्प प्रवास पर आगमन हुआ। इस अवसर पर जैन समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। महंत राम सुंदर दास ने जैन समाज द्वारा कैलवारा में गौशाला का संचालन एवं मूकपशुओं की निःस्वार्थ भाव से की जा रही गो सेवा की भूरि-भूरि प्रशंसा कर उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को साधुवाद दिया गया। इस अवसर पर पं. हरिशंकर शुक्ला, समाजसेवी सुभाष जैन, प्रेमचंद जैन प्रेमी, प्रमोद जैन कक्का, शांति कुमार जैन, मगन जैन सनत जैन, साकेत जैन, अर्पित जैन आदि उपस्थित रहे।






# जैन बोर्डिंग हाऊस में भजन संध्या

**प्रेमी परिवार द्वारा आयोजन**

**कटनी।** गत दिवस अतिशय तीर्थ क्षेत्र बहोरीबंद में परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित श्री 1008 पंच कल्याणक महोत्सव के अवसर पर माता पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त करने वाले समाजसेवी प्रेमचंद जैन प्रेमी एवं श्रीमती माया जैन द्वारा जैन बोर्डिंग हाऊस परिसर में भजन संध्या का अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे बुढ़ार से आए नीलेश जैन आर्केस्ट्रा के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत करते हुए आचार्य श्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित भजन प्रस्तुत कर आत्मविभोर किया गया। इस अवसर पर जैन समाज के नागरिकों, महिलाओं और अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### अल्प प्रवास पर विजयराघवगढ़ पहुंचे वेदांती जी महाराज

**विजयराघवगढ़।** श्री गरुड़ध्वज संस्कृत विद्यालय में शिक्षा प्राप्त डॉ राघवेश दास वेदांती अल्प प्रवास पर संकट मोचन जगन्नाथ धाम पहुंचे, जहां नगर के गुरु भाइयों व विद्यालय के आचार्य एवं समिति के सचिव विमलेंदू प्यासी से चर्चा के दौरान बताया गया कि विगत तीन दशकों से परमपूज्य महर्षि रामविलास वेदांती जी के पावन सानिध्य में उनके उत्तराधिकारी के रूप मे धर्म का प्रचार प्रसार व उनकी सेवा में रहकर आश्रम की देखभाल मे रह रहे है।



**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए-
5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

From 1st April 2022

CINEWORLDZ CINEMA KATNI

Mittal MALL




| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
|---|---|---|---|---|---|
| The Kashmir Files | 12:00 PM | Morbius Hindi 2d | 10:00 AM | Attack | 10:00AM |
| Attack | 03:30 PM | RRR Hindi 3D | 12:10 PM | Attack | 12:30PM |
| RRR 2D | 6:00 PM | RRR Hindi 3D | 3:30 PM | The Kashmir Files | 3:00PM |
| Attack | 09:30 PM | Morbius Hindi 2d | 7:00 PM | The Kashmir Files | 6:15 PM |
| ........... | ......... | RRR Hindi 3D | 9:15 PM | RRR 2D | 9:45 PM |

Paytm
bookmyshow

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

mgm HOSPITAL

**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर**

किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. विशाल वडेरा, एम.डी., डी.एन.बी (नेफ्रोलॉजी)
(दिनांक 09/04/2022) समय दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक)
।। उपलब्ध उपचार ।।
किडनी संबंधी समस्या, ब्लड प्रेशर का बढ़ना, पुराने मधुमेह (शुगर) की बीमारी, पैरों की सूजन होना, पेशाब का कम होना या बार-बार होना, हमेशा गैस का बना रहना या बार-बार गैस बनना, खाने का पाचन सही तरह से न होना, किडनी की समस्त समस्या हेतु संपर्क करें।
हर माह के दूसरे शनिवार 12:00 बजे से 2:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।

मस्तिक रोग विशेष
डॉ. हर्ष सक्सेना डी.एन.बी. एम.सी.एच. न्यूरो सर्जरी
(दिनांक 10/04/2022) समय दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे तक)
।। उपलब्ध उपचार ।।
सिर एवं रीढ़ की चोटे, दिमाग एवं रीढ़ के ट्यूमर, ब्रेन हेम्रेज, लकवा रोग, स्लिप डिस्क, कमर एवं गर्दन दर्द, नसों के रोग, मिर्गी रोग, सिर दर्द, माईग्रेन, दिमाग का बुखार, बच्चों में बड़ा सिर, दिमाग और रीढ़ की टी.वी., बच्चों के रीढ़ के फोड़े एवं लकवा, समस्त न्यूरो संबंधी बीमारियों का अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ऑपरेशन एवं इलाज, लकवा रोग ग्रसित मरीजों के लिए पुर्नवास प्रशिक्षण सुविधा, जटिल मिर्गी रोग का दवाईयों द्वारा सफल इलाज एवं पुर्नवास।
हर माह के दूसरे रविवार 12:00 बजे से 3:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।

नोटः असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।
पता- फारेस्टर प्ले ग्राउंड के सामने कचहरी चौक कटनी फोन-07622-405070-71-72

# सीएम के आने से पहले दुरूस्त कर लें रिकॉर्ड

## बैठक में कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश,अव्यवस्था हुई तो जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई

**कटनी।** शहर व ग्रामीण क्षेत्र में जहां पर भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम होने हैंए वहां पर सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त करा लें। अधिकारी पहले से स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देख लें। कहीं पर भी अव्यवस्था न फैले और जिस अधिकारी को जो जिम्मेदारी दी गई हैए वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करें। यह निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के कटनी कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा के दौरान दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कटनी में मिशन चौक ब्रिज के लोकार्पणए जिला अस्पताल व अंजुमन स्कूल परिसर में होने वाले कार्य के साथ स्लीमनाबाद में टनल निरीक्षण व आमसभा स्थल में तैनात किए गए अधिकारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने आन-जाने वाले मार्गों का पेंचवर्क कार्य कराने के साथ ही अतिक्रमण हटाने और स्टेज की व्यवस्था पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए पहले से टेसिंटग कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की गैलरी में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाने के भी निर्देश प्रदान किए। साथ ही मंच से जिन विभागों के हितग्राहियों को लाभांवित किया जाना हैए उन विभागों को पहले से सूची व अन्य व्यवस्थाएं करने के निर्देश भी कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि बिजली विभाग के बिल माफी योजना का राज्य स्तरीय कार्यक्रम कटनी में मुख्यमंत्री श्री चौहान के आगमन के दौरान हो सकता है और इसको लेकर पहले से विभाग तैयारी कर ले। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से बिल माफी को लेकर की गई तैयारी की भी जानकारी ली और योजना का ग्राम पंचायत स्तर पर प्रचार.प्रसार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में कहा कि जिन विभागों के कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास होना हैए वे पहले से तैयारी कर लें ताकि कार्यक्रम के दौरान परेशानी न हो। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को सीएम राइज स्कूलों की पूरी जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि 8 अप्रैल तक अधिकारीए कर्मचारियों के अवकाश पूरी तरह बंद रहेंगे।



### पानी की उपलब्धता व फारेस्ट फायर पर करें फोकस

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कलेक्टर,कमिश्नर कांफ्रेंस के विभिन्न विषयों को लेकर भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जल स्त्रोतों की जीर्णोद्धारए कृषि विविधता और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देनेए तालाबों में मत्स्य पालन की संभावनाओं आदि को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली और निर्देश प्रदान किए। जिले के बहोरीबंद, रीठी, बिलहरी व स्लीमनाबाद में नगर परिषद के गठन को लेकर प्रस्ताव तैयार करने और अप्रैल व मई माह में पानी की उपलब्धता व फारेस्ट फायर पर फोकस करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने लंबित पत्रों व सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों की भी समीक्षा की और संबंधित विभागों को शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



# बरगवां में मुख्य मार्ग से हटाये अवैध कब्जे

### यातायात सुगम बनाने मुहिम जारी

**कटनी।** नगर निगम द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था के साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु विभिन्न माध्यमों से निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी कड़ी में मुख्य मार्ग एवं अन्य मार्गों पर किये जाने वाले अस्थाई अतिक्रमणों को हटाकर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण रोधी दस्ते के अधिकारी एस.के गर्ग ने बताया कि मुख्य मार्गो के सुचारू आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री राकेश शर्मा की उपस्थिति में बरगवां मुख्य मार्ग के किनारे के अस्थाई अतिक्रमणों को हटानें की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान द्वारका नगर मोड से ओव्हर ब्रिज तक मुख्य मार्ग में रोड के किनारे के दुकानदारों द्वारा अस्थाई अतिक्रमण कर लगाये गए टीन शैड, पाईप, मशीनें एवं टपरों को हटानें की कार्यवाही की जाकर मार्ग को व्यवस्थित एवं अतिक्रमण मुक्त करनें की कार्यवाही की गई। प्रभारी कार्यपालन यंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य मार्गो की सुचारू यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए यह कार्यवाही अनवरत जारी रहेगी आपनें मार्ग के व्यवसायियों से अपनें अपनें अस्थाई अतिक्रमणों को स्वयं हटानें की अपील की है।

# शिकायतों के बावजूद नहीं रूक रही स्टाम्प की कालाबाजारी

## दिखावे की कार्रवाई से स्टाम्प विक्रेताओं के हौसले बुलंद

**कटनी।** अखिल भारतीय वैश्य महापरिषद व जन लोक मोर्चा ने संयुक्त रूप से जिला अनुविभागीय अधिकारी व जिला पंजीयक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर स्टाम्प की कालाबाजारी पर रोक लगाये जाने की मांग की है। एसडीएम एवं जिला पंजीयक को सौंपे गए ज्ञापन में स्टाम्प विक्रेताओं द्वारा की जा रही मनमानी से अवगत कराते हुए बताया गया कि तय मूल्य से ज्यादा कीमत पर स्टाम्प बेचे जाने से कचहरी परिसर में आने वाले पक्षकारों एवं आम नागरिकों को मंहगाई के इस दौर में दोहरी चोट का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत में बताया गया है कि जिले में स्टाम्प विक्रेताओं के हौसले बुलंद हैं। वे आम 100 का स्टाम्प 160 से 180 में 50 का स्टाम्प 80 से 100 तक तथा 10 का तीन गुनी कीमत पर 30 रुपये में खुले आम बेंच रहे है। कुछ स्टाम्प विक्रेता अपनी पत्नी के नाम से लाइसेंस इशू करवाके स्वयं बेच रहे है। जबकि नियमानुसार अधिकृत स्टाम्प विक्रेताओ को ही स्वयं स्टाम्प विक्रय करना चाहिए। शासकीय नियमानुसार कोर्ट व तहसील परिसर के अंदर स्टाम्प विक्रेताओं को स्टाम्प बेचने का अधिकार नहीं है परंतु अधिकारी मौन है और उन पर कोई भी कार्यवाही शासकीय नियमानुसार नही की जा रही। कुछ स्टाम्प विक्रेताओं द्वारा पुराने दिनांक के स्टाम्प खुलेआम हज़ारों की कीमत पर पुराने स्टाम्प बेचे जा रहे है जो कि शाशन के नियम विरुद्ध है। जिला रजिस्ट्रार पंजीयक व उनके सम्बंधित अधिकारियों द्वारा स्टाम्प विक्रेताओं के न तो रजिस्टर चेक किये जाते है न ही आकस्मिक निरीक्षण किया जाता है जिसके कारण स्टाम्प विक्रेता अपनी मनमानी से उपभोक्ताओं के साथ अधिवक्ताओ को भी मनमानी कीमत पर स्टाम्प विक्रय करते है। अधिवक्ताओं व उपभोक्ताओं द्वारा अक्सर इन स्टाम्प विक्रेताओ की मनमानी की शिकायत पंजीकृत अधिकारियों से लिखित व मौखिक की गई फिर भी इन पर कोई कार्यवाही नहीं किया जाना समझ से परे हैं। कुछ स्टाम्प विक्रेता उपभोक्ताओं से अभद्र भाषा में बात करते हैं। जब उपभोक्ता अधिक कीमत देने के लिए मना करता है या शिकायत करने के लिए कहता है तो स्टाम्प विक्रेता साफ कहता है कि कहीं भी शिकायत कर दो हमारा कोई कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता। इससे ऐसा लगता है जैसे अधिकारी भी इनसे मिले हुए हैं। स्टाम्प विक्रेताओं के हौसले इसलिए बुलंद है क्योंकि तमाम शिकायत के बावजूद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा इनके खिलाफ कोई कड़ी कार्यवाही नही की जाती और न ही इनके लायसेंस रद्द किए जाते है जब कोई भारी दबाव इन अधिकारियों पर पड़ता है तो ये दिखावे के लिए अपने बाबुओ को भेज करके स्टाम्प विक्रेताओं के रजिस्टर जब्त करवाते है और 2 दिन बाद पुनः वापस लौटा दिए जाते है। विभाग और स्टाम्प विक्रेताओं की मनमानी से आम उपभोक्ता सरे बाजार लुटे जा रहे है और इसके कारण प्रशासन छवि भी धूमिल होती है। वैश्य महापरिषद व जनलोक मोर्चा ने संबंधित अधिकारियों को चेतकवनी देते हुए कहा है कि इन स्टाम्प विक्रेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो राजस्व मंत्री एवं मुख्यमंत्री से इसकी शिकायत की जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में वैश्य महापरिषद के प्रदेश अध्यक्ष अनिरुध्द बजाज, वैद्य सुरेंद्र विश्वकर्मा, राजकिशोर यादव पूर्व पार्षद, श्याम तिवारी, संजय गुप्ता, शुभाष मालाकार, प्रकाश जैन, सेवा राम साहू, एड. राजेश सिंह, अमित तिवारी, एड. आर के बक्शी, हेतराम बर्मन, मनमोहन शुक्ल, एड. अरविंद पांडेय, महेंद्र सिंह राजपूत, अनंत गुप्ता आदि शामिल रहे।

# बारिश के पानी को सहेजने अभी से हों इंतजाम

### जलाभिषेक अभियान की समीक्षा के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने दिए निर्देश

**कटनी।** जिले में जल अभिषेक अभियान के तहत बारिश के पानी को संरक्षित करने की प्रशासन की ओर से तैयारी की जा रही है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे ने वर्ष 2022.23 की आयोजना और क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। सीईओ श्री गोमे ने सभी जनपदों को जारी निर्देश में कहा है कि प्रत्येक जनपद स्तर में जल अभिषेक अभियान के अन्तर्गत वर्षा जल संरक्षण और भूजल संवर्धन कार्यो की कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक स्वीकृतियां जारी करा ली जाएं। जल अभिषेक अभियान का क्रियान्वयन पूरे वर्ष होगा जो 2 चरणों में किया जाना है। प्रथम चरण में ऐसे कार्य लिए जाने हैए जिन्हें जून 2022 तक पूरा किया जा सकता है और द्वितीय चरण में आगामी मार्च 2023 तक पूरे होने वाले कार्यो को शामिल किया जाना है। उन्होंने जनपद क्षेत्रान्तर्गत समस्त ग्राम पंचायतों एवं अन्य विभाग को निर्देशित करते हुए योजना में उपलब्ध राशि को ध्यान में रखते हुए जून 2022 तक पूर्ण किए जा सकने वाले व मार्च 2023 तक पूर्ण किए जा सकने वाले वर्षा जल संरक्षण और भूजल संवर्धन कार्यो का निर्धारण करने की समय सीमा 5 अप्रैल तक निर्धारित की है। साथ ही अभियान के निर्धारित कार्यो का कार्यान्वयन तकनीकी मानदंडों को ध्यान में रखते हुये 11 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से प्रारंभ कराने के भी निर्देश जिला पंचायत सीईओ ने सभी संबंधित अधिकारियों को दिए है। श्री गोमे ने बताया कि कार्यो के कार्यान्वयन की समक्ष अधिकारियों द्वारा सतत मॉनीटरिंग भी की जाएगी।

### जिले के आबादी क्षेत्र का ड्रोन से हुआ सर्वे

**कटनी।** स्वामित्व योजना के तहत जिले की बसाहटों का ड्रोन सर्वे कराया जा रहा है। जिसके माध्यम से ग्रामीणों को उनकी भूमि का मालिकाना हक दिया जाएगा। जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा सर्वे का कार्य कराया जा रहा थाए जिसमें ग्रामीण बसाहटों का ड्रोन सर्वे कार्य तत्परता के साथ पूरा करते हुए जिले ने उपलब्धि हासिल की है। जिले की इस उपलब्धि की प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिला प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना ट्वीटर के जरिये की है। वहीं कटनी खजुराहो सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी इस कार्य मे लगे कर्मियों की तारीफकी है।



# जिले के आठ प्रोसेस सर्वरों को चतुर्थ श्रेणी पद पर मिली नियुक्ति

### कलेक्टर ने कर्मचारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा चतुर्थ श्रेणी भृत्य के रिक्त सीधी भर्ती पदों में से 50 प्रतिशत पदों पर प्रोसेस सर्वरों को प्राथमिकता देते हुए भृत्य के पद पर नियुक्त करने के निर्देश प्रदान किए थे। जिसके परिपालन में जिले के 8 प्रोसेस सर्वरों को जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा पर नियमित भृत्य के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। सोमवार को समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने नियुक्त किए गए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। साथ ही अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी पूर्वक करने के निर्देश प्रदान किए। चतुर्थ श्रेणी भृत्य पद पर रामनिवास कुशवाहा को तहसीलदार कार्यालय तहसील कटनी ग्रामीणए अनिल कुमार रजक को तहसीलदार कार्यालय बरही, पुरूषोत्तम प्यासी को तहसीलदार कार्यालय बहोरीबंद, अजय गुप्ता को तहसीलदार कार्यालय बड़वारा, शारदा श्रीवास को तहसीलदार कार्यालय रीठी, मनीष कुमार मिश्रा को तहसीलदार कार्यालय विजयराघवगढ़, भगवत बागरी को तहसीलदार कार्यालय ढीमरखेड़ा और संगीता सौंधिया को तहसीलदार कार्यालय कटनी शहर में पदस्थ किया गया है। नियुक्ति पत्र प्रदान करने के दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमेए अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


# सीएम के आगमन को लेकर मुस्तैद हुआ नगर निगम अमला


### निगमायुक्त ने अधिकारियों को सौपी अलग-अलग जिम्मेदारी

**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कटनी आगमन को देखते हुए नगर निगम द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नव निर्मित ओव्हर ब्रिज का लोकार्पण करेंगे। शासकीय चिकित्सालय में नवीन डायलिसिस भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम एवं अंजूमन स्कूल में जनसभा का कार्यक्रम संपन्न होना है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम को सौंपी गई व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को पृथक पृथक दायित्व प्रदान कर सौपी गई व्यवस्थाओं को प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश प्रदान किये है। हेलीपैड स्थल झिंझरी में फायर बिग्रेड की व्यवस्था, नगर निगम सीमाक्षेत्र में आगमन स्थलों एवं भ्रमण स्थलों पर सडक पर आवश्यक सुधार एवं मरम्मत कार्य, जनप्रतिनिधियों से मिलने हेतु हेलीपैड स्थल झिंझरी में बैठक व्यवस्था एवं शौचलय व्यवस्था, सत्कार, हैलीपैड स्थल एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था, हैलीपेड स्थल, कार्यक्रम स्थल के पहुंच मार्गो, भ्रमण स्थल, रोड - डिवाईडर, मुख्य मार्गो की विशेष सफ सफाई, चूने की लाईनिंग, आवारा पशुओं पर नियंत्रण की कार्यवाही, अतिक्रमण दस्ते के माध्यम से निरंतर पेट्रोलिंग कर अस्थाई अतिक्रमण हटानें की कार्यवाही, नगर निगम के लोकार्पण भूमिपूजन के कार्यो की पट्किाओं को बनाने का दायित्व सहित महत्वपूर्ण समस्त योजनाओं कार्यो की जानकारी तैयार कर फोल्डर बनाने हेतु विभिन्न शाखाओं के प्रभारी नियुक्त कर विभाग के अन्य अधिकारियो कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है।

# मंदिरों सहित छपरवाह घाट में हुई साफ-सफाई

## नवरात्र एवं रमजान पर्व पर धार्मिक स्थलों को फोकस कर रहा नगर निगम







**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण एवं नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों सहित देवी मंदिरों के आस एवं पहुंच मार्गो की सफ़ाई व्यवस्था के प्रयास दो पालियों के माध्यम से किए गए। रात्रिकालीन अभियान के माध्यम से जालपा मंदिर पहुंच मार्ग, बस स्टेण्ड, आजाद चौक एवं उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के विभिन्न मार्गो में सफ़ाई उपरान्त कचरे के उठाव का कार्य किया गया। नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए प्रात:कालीन सफ़ाई व्यवस्था के दौरान जालपा देवी मंदिर, कालका मंदिर मंदिर, कुठला स्थित हनुमान मंदिर, मरही माता मंदिर, घंटाघर स्थित माता मंदिर,विध्यवासिनी माता मंदिर, राय कॉलोनी मंदिर सहित नगर के अन्य माता मंदिरों के आसपास विशेष साफसफ़ाई उपरान्त कीटनाशक दवा के छिडकाव का कार्य किया गया। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा जोन क्रमांक 1 के विभिन्न वार्डो में स्वच्छता अभियान के तहत कराये जा रहे सफ़ाई कार्यो का निरीक्षण कर व्यवस्था को निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च स्तरीय बनाये रखनें के निर्देश प्रदान किये। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि प्रात:कालीन सफ़ाई अभियान के तहत पन्ना मोड, कुठला मुख्य मार्ग, बस स्टेण्ड, महात्मा गांधी वार्ड के विभिन्न स्थलों, बल्लभनगर मोड, चांडक चौक, जालपा मंदिर पहुंच मार्गो, आजाद चौक से ब्राम्हण सत्संग भवन मसुरहा घाट तक सफ़ाई उपरान्त चूनें की लाईनिंग मिशन चौक, कोतवाली मार्ग, झंडा बाजार, सागर पुलिया, भट्टा मोहल्ला कावस जी वार्ड मलिन बस्ती, मुख्य मार्ग, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, शिवाजी वार्ड मुख्य मार्ग श्यामा प्रसाद मुखजी वार्ड के विभिन्न मार्गो, छपरवाह घाट, ए.सी.सी मेन रोड, डॉ जाकिर हुसैन वार्ड टिकुरी थाना के पीछे सहित माधवनगर के विभिन्न मार्गो एवं पुलिस लाईन परेड ग्राउण्ड झिंझरी के विभिन्न स्थलों में झाडू का कार्य कराया जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। नगर के मुख्य मार्गो की सफ़ाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नदीपार मुख्य मार्ग, बरगवां मुख्य मार्ग के डिवाइडरों के दौनों ओर की सफ़ाई कार्य सहित विश्राम बाबा वार्ड, आयकर कार्यालय के पास एवं महावीर कॉलोनी, बिलहरी मोड के विभिन्न स्थलों में बिखरी पन्नियों की बिनाई का कार्य कराया गया। डोर टू डोर कचरा संग्रहण के माध्यम से नागरिकों से गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग संग्रहित किया जाकर कचरा प्लांट भेजकर नगर को साफएवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए। सार्वजनिक नाले-नालियों से सुगम पानी की निकासी हेतु जगमोहदास वार्ड स्थित केवट बस्ती, मोहनघाट के बडे नाले, कावस जी वार्ड शमशान भूमि के सामनें वाले बडे नाले, मानसरोवर कॉलोनी सीवर लाईन की सफ़ाई सहित नगर के विभिन्न स्थलों के नाले नालियों की सफ़ाई का कार्य कराया गया।


# कार्यालय नगर परिषद कैमोर, जिला-कटनी (म.प्र.)

**E-Mail cmokemore@mpurban.gov.in - Phone No. 07626-272353**

क्रमांक/01/राजस्व/न.परि./2022 कैमोर,दिनांक 01-04-22

**//सार्वजनिक सूचना//**

मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 127 (क) के उपबंधों के अधीन म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना क्रमांक 46 भोपाल दिनांक 13/11/2020 द्वारा संपत्तिकर गणना के प्रयोजन हेतु भवन एवं भूमि हेतु संपत्तिकर मूल्य के अवधारण नियम 2020 कण्डिका क्रमांक 06 के अंतर्गत नगर परिषद कैमोर जिला कटनी द्वारा वर्ष 2022-2023 संपत्तिकर एवं निर्धारण की दरें अपने प्रशासकीय संकल्प दिनांक 01/04/2022 में पारित किया गया है। जिसका विवरण अवलोकन बावद् नागरिकों की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाता है।

**संपत्तिकर स्वनिर्धारण संबंधी विवरण**

| क्र. | क्षेत्र/जोन | वार्ड क्रमांक अथवा सम्मिलित क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | प्रथम | ए.सी.सी. (कैमोर सीमेंट वर्क्स) कम्पनी का सम्पूर्ण क्षेत्र एवं एवरेस्ट इंडस्ट्रीज लिमिटेड कैमोर का सम्पूर्ण क्षेत्र। |
| 2 | द्वितीय | वार्ड क्रमांक 01 श्री मोहन रिछारिया के भवन से मुख्य मार्ग के उत्तर की ओर रेलवे लाइन तक पुलिस थाना तक वार्ड क्रमांक 02,03,04,05 वार्ड क्रमांक 06 का सम्पूर्ण क्षेत्र, वार्ड क्रमांक 10,12,13, एवं 14 का सम्पूर्ण क्षेत्र (परिक्षेत्र 01 को छोंड़कर) |
| 3 | तृतीय | वार्ड क्रमांक 01 में रेलवे लाईन उत्तर का क्षेत्र पनिहाई बस्ती वार्ड क्र.08, वार्ड क्र. 05 शिवानगर, वार्ड क्र. 10 कैलाश नगर, वार्ड क्र.07 बरापार सम्पूर्ण क्षेत्र, वार्ड क्र.12 सरकार बाबू की दफाई बस्ती एवं वार्ड क्र. 15 का सम्पूर्ण क्षेत्र (परिक्षेत्र 01 को छोड़कर) |

**उपरोक्त संकल्प के प्रत्येक क्षेत्र में निर्माण की गुणवत्ता एवं संपत्ति की अवस्थिति आधार पर निम्नानुसार दरें लागू हैं-**

| जोन क्र. | भवन निर्माण निर्माण का प्रकार | व्यवसायिक उपयोग के भवन भूमि हेतु अवधारित दरें प्रति वर्ग मीटर | | | आवासीय उपयोग हेतु अवधारित दरें प्रति वर्ग मीटर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुख्य बाजार | मुख्य मार्ग | अन्य | मुख्य बाजार | मुख्य मार्ग | अन्य |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पक्का भवन | 257 | 188 | 147 | 166 | 129 | 112 |
| | कच्चा भवन | 148 | 128 | 86 | 112 | 76 | 60 |
| | भूमि | 63 | 63 | 44 | 39 | 39 | 39 |
| 2 | पक्का भवन | 250 | 183 | 143 | 161 | 125 | 109 |
| | कच्चा भवन | 143 | 124 | 84 | 109 | 74 | 58 |
| | भूमि | 61 | 61 | 43 | 38 | 38 | 38 |
| 3 | पक्का भवन | 250 | 183 | 143 | 161 | 125 | 109 |
| | कच्चा भवन | 143 | 124 | 61 | 109 | 74 | 58 |
| | भूमि | 61 | 61 | 43 | 38 | 38 | 38 |

वित्तीय वर्ष 2022-23 में नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत स्वनिर्धारण प्रक्रिया से संपत्तिकर की राशि जमा करने हेतु म.प्र.न.पालिका (भवन/भूमियों के कर योग्य संपत्ति का मूल्य निर्धारण) नियम 2020 के नियम 06 के तहत निम्नानुसार है, उपनियम-06 म.प्र.न.पालिका अधिनियम धारा 127 (ए)।

**(1) कर योग्य सम्पत्ति मूल्य, 4800.00 वार्षिक से अधिक होने पर निम्नानुसार संपत्तिकर की रकम देय होगी।**

**(5) कर योग्य संपत्ति मूल्य निर्धारण की दर:-**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | कर योग्य सम्पत्ति मूल्य 4800/- रूपये तक। | संपत्तिकर से मुक्त (केवल समेकित कर) |
| (ख) | कर योग्य सम्पत्ति मूल्य 4801/- से 10000/- रूपये तक। | 06% छह प्रतिशत |
| (ग) | कर योग्य सम्पत्ति मूल्य 10000/- से अधिक। | 10% दस प्रतिशत |

**(6) संपत्तिकर से संलग्न अन्य कर:- संपत्तिकर से संलग्न अन्य कर निम्नानुसार देय होंगे।**

| | | |
|---|---|---|
| (अ) | अनिवार्य समेकित कर। | 120/-प्रत्येक संपत्ति पर। |
| (ब) | समेकित कर (संपत्तिकर युक्त संपत्तियों पर) | संपत्तिकर का 10%+120 |
| (स) | शिक्षा उपकर | कर योग्य संपत्ति मूल्य का 05% |
| (द) | नगरीय विकाश उपकर | कर योग्य संपत्ति मूल्य का 01% आवासीय 02% व्यवसायिक |

**30 सितम्बर 2022 तक स्वनिर्धारण विवरणी तथा संपत्तिकर राशि न जमा करने पर अधिभार देय होगा।**

**प्रशासक**
**नगर परिषद कैमोर**


**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद कैमोर**

जिला चिकित्सालय कटनी परिसर में
कर्मयोगी पं. सत्येन्द्र पाठक जी की जन्म जयंती पर
उनकी स्मृति में 7.50 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले सर्वसुविधायुक्त

# चिकित्सा भवन का शिलान्यास




आमंत्रण



## शिलान्यास समारोह

गुरुवार, 7 अप्रैल 2022
दोपहर 1:00 बजे
स्थान - जिला चिकित्सालय कटनी

मुख्य अतिथि
**मान. श्री शिवराज सिंह चौहान जी**
मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

अध्यक्षता
**मान. श्री विष्णुदत्त शर्मा जी**
सांसद, खजुराहो

विशिष्ट अतिथि
**मान. श्री जगदीश देवड़ा जी**
मंत्री, वाणिज्यिक कर, वित्त, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी, म.प्र.

- भूतल + 3 तलों का भवन
- डायलेसिस ईकाई
- सेमीप्रायवेट वार्ड
- दवा वितरण यूनिट
- एक्सरे यूनिट
- प्रयोगशाला
- रक्त कोष केन्द्र
- अत्याधुनिक लिफ्ट
- शौचालय परिसर
- ओपीडी परिसर
- जनरल वार्ड

"कर्मयोगी पं. सत्येन्द्र पाठक जी की स्मृति में 7.50 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले सर्वसुविधायुक्त चिकित्सा भवन के शिलान्यास कार्यक्रम में आपकी गरिमामयी उपस्थिति प्रार्थनीय है।"



**संजय सत्येन्द्र पाठक**
विधायक विजयराघवगढ़ (कटनी) म.प्र.


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)